हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 27 मई 2025

तापमान
अधिकतम 36.4 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

12 कॉलेज में दाखिले के लिए उमड़ी छात्रों की भीड़



12 सेना का उत्साह बढ़ाने के लिए निकाली तिरंगा यात्रा



## खबर संक्षेप

### रकम हड़पने वाला आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज जमीन की खरीद फरोख्त में धोखाधड़ी कर एक मोटी रकम हड़पने के मामले में आरोपी जगदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। भेड़ों गांव के जसविंद्र सिंह ने 19 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी जगदीप सिंह व अन्य ने उसे 62 कनाल जमीन दिलवाने के नाम पर उसके नाम ब्याना लिखवाकर उससे एक बड़ी रकम हड़प ली। इस जमीन की रजिस्ट्री किसी अन्य के नाम करवा कर धोखाधड़ी की है।

### झगड़े में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज लड़ाई झगड़ा कर चोट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी साहिल को गिरफ्तार किया है। मंडौर के राजीव कुमार ने 9 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह और उसका दोस्त घर से सामान लेने के लिए मोटरसाइकिल पर गए थे। मंडौर बस स्टैंड के पास आरोपी संदीप व अन्य ने उसकी मोटरसाइकिल के आगे गाड़ी लगाकर उन पर लोहे की रॉड तथा बिंडो से हमला कर दिया था।

### मारपीट के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज मारपीट कर चोट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी अर्जुन राम व रजत को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता विशाल ने 23 मई 2025 शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका चचेरा भाई शुभम व उसका दोस्त पंकज रेलवे स्टेशन अंबाला छावनी के बाहर रोटी-सब्जी की रेहड़ी लगाते हैं। थोड़ी दूरी पर ही नवीन भी रोटी सब्जी की रेहड़ी लगाता है। नवीन की रेहड़ी पर काम करने वाले लड़कों की शुभम व पंकज में कहा-सुनी हो गई थी। बातचीत के दौरान अर्जुन राम, रजत व अन्य ने उनपर हमला कर दिया।

### समाधान शिविर का हुआ आयोजन

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन मे आम लोगो की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को लेकर निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। इसी कडी मे सोमवार को नगराधीश अभिषेक गर्ग द्वारा लोगों की समस्याए सुनकर समाधान किया गया।

## मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र के बिहोली गांव में राजकीय पशु चिकित्सा पालीक्लिनिक का किया उद्घाटन

*मुख्यमंत्री ने गांव के विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की*

# रासायनिक खाद की बजाय प्राकृतिक खेती को अपनाएं किसान : नायब







कुरुक्षेत्र। गांव बिहोली में जनसभा को संबोधित करते और बिहोली गांव में राजकीय पशु चिकित्सा पालीक्लिनिक का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र/लाडवा

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसलों में रासायनिक खादों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग करने से बचें। उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी सशक्त और मजबूत हो, इसके लिए हमें प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना होगा। किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे न केवल मिट्टी की उर्वरा बनी रहती है, बल्कि पर्यावरण और स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु हरियाणा सरकार किसानों को एक देसी गाय की खरीद पर 30 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान कर रही है, जिससे वे गो-आधारित जैविक विधियों को अपनाकर टिकाऊ कृषि की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को जिला कुरुक्षेत्र के गांव बिहोली में राजकीय पशु चिकित्सा पालीक्लिनिक के उद्घाटन करने उपरांत उपस्थित जन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गांव के विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 4 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से बना यह पॉलीक्लिनिक आसपास के क्षेत्र के पशुओं को विशेष पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। इस पॉलीक्लिनिक में पैथोलॉजी, पैरासिटोलॉजी, गायनोकोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, सर्जरी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे जैसी सेवाओं के साथ-साथ इनडोर एवं आउटडोर इकाइयाँ भी उपलब्ध रहेगी। साथ ही, यह संस्थान विशेषज्ञ पशु चिकित्सा अधिकारियों, तकनीशियनों और सहायक स्टाफ से सुसज्जित होगा, जिससे यह एक आदर्श पशु चिकित्सा केन्द्र के रूप में स्थापित होगा। वर्तमान समय में पशुपालन क्षेत्र में आ रही चुनौतियों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुधारू पशुओं की कीमत लाखों में है। भूमिहीन और छोटे किसानों के लिए इतना महंगा पशु खरीदना मुश्किल होता है। यदि वह खरीद भी लेता है तो उसे पशु के स्वास्थ्य की चिंता रहती है। इन हालातों में पशु चिकित्सा संस्थानों का महत्व बहुत बढ़ गया है।

### 6 राजकीय पशु चिकित्सा पालीक्लिनिक चल रहे

उन्होंने कहा कि राज्य में 6 राजकीय पशु चिकित्सा पालीक्लिनिक चल रहे हैं। ये सिरसा, जींद, रोहतक, भिवानी, सोनीपत और रेवाड़ी में स्थित हैं। अब कुरुक्षेत्र का यह पॉलीक्लिनिक 7वां केन्द्र बन गया है। जिला कुरुक्षेत्र में इस समय 49 राजकीय पशु चिकित्सालय एवं 72 राजकीय पशु औषधालय चल रहे हैं। इनमें पशु चिकित्सकों के 51 पदों में से 47 पद तथा वी.एल.डी.ए के 130 में से 119 पद भरे हुए हैं। राज्य सरकार ने पिछले 10 वर्षों में राज्य में लगभग 650 गौशालाएं खोली गई हैं। वर्ष 2014 से पहले गौशालाओं के लिए सरकार का बजट मात्र 2 करोड़ रुपये था, जबकि आज वर्तमान सरकार ने इसे बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये से अधिक किया है।

### दुग्ध उत्पादन में हरियाणा अग्रणी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा हालांकि, राज्य में देश के दुधारू पशुओं का मात्र 2.1 प्रतिशत हिस्सा है, फिर भी हम देश के कुल दूध उत्पादन का 5.11 प्रतिशत योगदान करते हैं। वर्ष 2023-24 में हरियाणा ने 1 करोड़ 22 लाख 20 हजार टन दूध का उत्पादन किया था। हमारी प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन दूध उपलब्धता भी राष्ट्रीय औसत से 2.34 गुणा है। राष्ट्रीय औसत 471 ग्राम है, जबकि हरियाणा की 1105 ग्राम है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य नस्ल सुधार करके और अधिक दूध का उत्पादन करना है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के तहत सामान्य दूध उत्पादकों को 5 रुपये प्रति लीटर तथा गरीब परिवारों के दूध उत्पादकों को 10 रुपये प्रति लीटर की दर से सब्सिडी दी जाती है।

### कांग्रेस की तुलना में ढाई गुना ज्यादा विकास कार्य

लाडवा विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 2024 से अब तक इस क्षेत्र में लगभग 110 करोड़ रुपये के विकास कार्य हुए हैं, कुछ पूरे हो गए हैं और कुछ प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा, पिछले 10 वर्षों में वर्तमान सरकार ने लाडवा विधानसभा क्षेत्र में 794 करोड़ रुपये के विकास के कार्य करवाए हैं। जबकि कांग्रेस के शासनकाल में इस क्षेत्र में मात्र 310 करोड़ रुपये के विकास कार्य हुए हैं। जनता जानती है कि किस प्रकार उस समय भ्रष्टाचार होता था।, परंतु हमारी सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से न केवल लाडवा, बल्कि हर विधानसभा क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य करवाए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने पॉलीक्लिनिक का उद्घाटन करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

*ये रहे मौजूद:* इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, तिजेंदर सिंह गोल्डी, धर्मवीर मिजार्पुर, सचिव प्रवीण अत्रे, कैलाश सैनी, पशुपालन, डेयरी विभाग के महानिदेशक डा. प्रेम सिंह, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एसडीएम अमन कुमार, जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, सुभाष कलसाना, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, सरपंच बिहोली आशा रानी, जितेंद्र खैरा, देशराज शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## करनाल रिंग रोड पर रास्ते की मांग पूरी, धरना खत्म

- धरने के 13वें दिन, प्रशासन और किसानों के बीच बैठक में निकला समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



गांव सोहाना में करनाल रिंग रोड पर रास्ते की मांग को लेकर पिछले 13 दिनों से चल रहा किसानों का धरना सोमवार को समाप्त हो गया है। सोमवार को धरने के 13वें दिन प्रशासन और किसानों के बीच एक निर्णायक बैठक के बाद आंदोलन का शांतिपूर्ण समाधान निकाला गया। इस मौके पर किसानों ने 'विजय दिवस' मनाकर अपने संघर्ष की सफलता का जश्न मनाया। धरने की समाप्ति से पहले अहम बैठक एसडीएम अनुभव मेहता के कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें रोड निर्माण कर रही कंपनी के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी, और भाकियू का प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहा। सौहार्दपूर्ण वातावरण में करीब दो घंटे तक चली बैठक में प्रशासन ने किसानों की रिंग रोड पर रास्ता देने की मांग को स्वीकार कर लिया। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान, भाकियू प्रभारी महताब कादियान, प्रदेश संगठन सचिव श्याम सिंह मान, चेयरमैन यशपाल राणा, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह घुम्मन, प्रवक्ता सुरेन्द्र सांगवान, धरना संयोजक बबलू सोहाना ने धरने के समापन अवसर ग्रामीणों को संबोधित किया। धरने के अंतिम दिन की खास बात यह रही कि धरने की कमान गांव की महिलाओं ने संभाली। सैकड़ों महिलाएं भजन-कीर्तन करती हुई धरना स्थल पर पहुंचीं और पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और भावनात्मक रूप से जीवंत बना दिया। महिलाओं की भागीदारी ने आंदोलन को और भी मजबूत बना दिया। धरना स्थल पर पहुंचे भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने औपचारिक रूप से धरने के समापन की घोषणा की और सभी कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों और किसानों का हार्दिक धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि संघर्ष का रास्ता कठिन जरूर होता है, लेकिन अगर दृढ़ता और एकता हो तो कोई भी मांग पूरी करवाई जा सकती है।

## थाने में सेवानिवृत फौजी की मौत

**इसराना।** मतलौडा क्षेत्र के थाना इसराना में एक रिटायर्ड फौजी की मौत हो गई। गांव चमराडा के रहने वाले 70 वर्षीय दिलबाग सिंह एक शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे थे। थाने में प्रवेश करते ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा। पुलिस कर्मचारियों ने तुरंत उन्हें उठाया और थाना प्रभारी महीपाल सिंह अपनी गाड़ी से स्थानीय एनसी मेडिकल कॉलेज ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में ब्रेन हेमरेज से मौत होना सामने आया है। दिलबाग सिंह आपसी कहासुनी के मामले में अकेले थाने आए थे। उनके तीन बच्चे हैं तथा सभी विवाहित हैं। गांव में उनकी पहचान मिलनसार व्यक्ति के रूप में थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया गया है।

## बाइकों की भिडंत में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

- सहारनपुर रोड पर गांव पांसरा के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

शहर के सहारनपुर रोड पर गांव पांसरा के पास दो बाइकों की भिडंत में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव पांसरा निवासी जावेद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त गांव के ही 24 वर्षीय रोहित के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव के बाहर सहारनपुर रोड पर पहुंचे तो तेज गति से आ रही एक अन्य बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

आरोपी बाइक चालक कुछ देर मौके पर रूकने के बाद वहां से फरार हो गया। राहगिरों ने हादसे की सूचना डायल 112 टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान रोहित की मौत हो गई। जबकि उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

## तीन दिन पहले नहर में डूबे बालक का मिला शव

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

पश्चिमी यमुना नहर में तीन दिन पहले डूबे ग्यारह वर्षीय बालक अनिकेत का शव हमीदा हैड के नजदीक नहर में तैरता हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच कर रहे सदर थाना के जांच अधिकारी पवन कुमार व निर्मल सिंह ने बताया कि तीन दिन पहले पश्चिमी यमुना नगर में डूहे तीर्थनगर की टपरियां निवासी अनिकेत (11) का शव सोमवार को हमीदा हैड के नजदीक नहर से बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बालक के शव को नहर से बाहर निकाला। इस दौरान उसकी शिनाख्त करवाई गई तो वह शव अनिकेत का था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि मामले बीएनएस 174 के तहत कार्रवाई की गई।



यमुनानगर। पोस्टमार्टम के लिए बच्चे के शव को ले जाते हुए परिजन।

### ये है मामला

टपरियां निवासी अनिकेत(11) चौथी कक्षा में पढ़ता था। गत शनिवार सुबह अनिकेत अपनी मां से पानी की बोतल लेकर घर से शौच करने के लिए निकला था। इस दौरान वह नजदीक में बह रही नहर पर पहुंच गया। वह नहर में पत्थर फेंककर खेलने लगा। इसी बीत उसका पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गया। सूचना पर पुलिस और गोताखोर की मदद से अनिकेत को नहर में तलाशने की बड़ी कोशिश की गई। मगर अनिकेत का कहीं पता नहीं चला। सोमवार को अनिकेत का शव मिला।

## बंगाल की कंपनी मजदूरों से करोड़ों ठग कर भागी

- ठगी के शिकार मजदूरों ने प्रदर्शन कर एसपी को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

कम्पनी ट्राईरिम इंफ्राकोन इंडिया लिमिटेड व इसी के अंतर्गत ट्राईरिम म्यूचुअल बेनिफिट निधि लिमिटेड बुनकर मजदूरों के करोड़ों रुपये ठग कर फरार हो गई है। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर की अगुवाई में ठगी के शिकार मजदूरों ने जिला सचिवालय पर प्रदर्शन किया और समाधान शिविर में डीसी वीरेंद्र दहिया को शिकायत देकर दोषियों के खिलाफ कारवाई व धन वापस कराने की मांग की। डीएसपी सतीश वत्स ने मामले की जांच करके कारवाई करने के आदेश किए हैं।





पानीपत। लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते पीपी कपूर व मजदूर। फोटो : हरिभूमि

### दो हजार मजदूरों को चूना

पीपी कपूर ने बताया कि पश्चिमी बंगाल से आए अनपढ़ बुनकर वर्षों से मजदूरी कर रहे हैं। करीब चार वर्ष पहले कलकत्ता की कम्पनी व ट्राईरिम म्यूचुअल बेनिफिट निधि लिमिटेड के एजेंट मुहम्मद जमील, मैनेजर ताहिर, कर्मतुल्ला आदि ने आकर्षक ब्याज देने की निजी गारंटी दे कर दो हजार मजदूरों के बचत खाते खोल दिये। जिनमें 15 करोड़ रुपये का निवेश करवा दिया। जब रुपये लौटाने का वक्त आया तो ऑफिस बंद कर फरार हो गये।

**कार्यक्रम** राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने की आम नागरिकों के साथ एसटी बस से यात्रा

## लोगों से संवाद व अनुभवों ने यात्रा को बनाया अविस्मरणीय

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

गुजरात के राज्यपाल एवं गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संरक्षक आचार्य देवव्रत द्वारा आम नागरिकों के साथ एसटी बस में की यात्रा की जहां चहुंओर सराहना हो रही है, वहीं राज्यपाल के अनुसार लोगों से संवाद और अनुभवों ने इस यात्रा को अविस्मरणीय बना दिया है। बता दें कि आणंद कृषि विश्वविद्यालय के बीएसीए ऑडिटोरियम हॉल में आत्मा परियोजना और आणंद कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्राकृतिक कृषि परिसंवाद मे भाग लेने के लिए परंपरागत प्रोटोकॉल और वीवीआईपी यातायात व्यवस्था को दरकिनार करते हुए, एक प्रेरणादाई पहल के तहत गुजरात राज्य सड़क परिवहन निगम की एसटी बस सेवा से आम नागरिकों के साथ यात्रा करके आणंद पहुंचे। जानकारी के अनुसार राज्यपाल ने इस यात्रा के लिए ऑनलाइन एडवांस बुकिंग के माध्यम से नॉन-एसी सुपर डीलक्स श्रेणी की एसटी बस में 3 टिकटों का आरक्षण करवाया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत अचानक राजभवन से बिना किसी औपचारिक घोषणा के गांधीनगर एसटी डिपो पहुंचे और वहां से आम यात्रियों के साथ उक्त बस में सवार हुए।



कुरुक्षेत्र। जनता के साथ गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत।

### जनता के बीच यात्रा का अनुभव

राज्यपाल ने अपनी इस सादगीपूर्ण यात्रा के दौरान बस में बैठे अन्य यात्रियों से संवाद किया और उनसे राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही परिवहन सुविधाओं को लेकर फीड बैक लिया। उन्होंने बताया कि यात्रियों ने रोडवेज की सेवाओं और हो रहे नवीनीकरण को लेकर संतोष प्रकट किया। राज्यपाल ने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि ह्ललंबे समय से मेरी बड़ी इच्छा थी कि एक दिन मैं गुजरात रोडवेज की सामान्य बस में आम नागरिकों के साथ यात्रा करूं। इस दौरान मुझे राज्य के विभिन्न हिस्सों से यात्रा कर रहे भाई-बहनों से मिलने और बातचीत करने का अवसर मिला। आचार्य देवव्रत ने कहा मैंने बस में बैठे स्टूडेंट्स, छोटे बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों सभी से संवाद किया। लोग सरकार की ओर से मिल रही सुविधाओं को लेकर संतुष्ट हैं।

### एक मिसाल बनी यह यात्रा

*राज्य के प्रथम नागरिक होने के बावजूद राज्यपाल द्वारा आम जनों के साथ बस यात्रा करना एक मिसाल है, जो प्रशासनिक सादगी, जनसंपर्क और सेवा भावना का प्रतीक है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि जनप्रतिनिधि जब आमजन के बीच उतरते हैं, तो न केवल विश्वास बढ़ता है, बल्कि व्यवस्थाओं में सुधार की संभावनाएं भी सशक्त होती हैं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत का स्वागत करने आणंद एसटी स्टेशन पर जिला कलेक्टर प्रवीण चौधरी, जिला विकास अधिकारी सुश्री देवाहुति, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव जसानी, निवासी अतिरिक्त कलेक्टर आर. एस. देसाई, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति के.बी. कथीरिया सहित गुजरात राज्य सड़क परिवहन निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। बहरहाल, आचार्यश्री के इस सादगीपूर्ण और जनता से सीधे जुड़ने वाले कदम की चहूंओर प्रशंसा हो रही है। गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार एवं प्राचार्य सूबे प्रताप ने आचार्यश्री के गुजरात की जनता से सीधे जुड़ने के इस प्रयास की सराहना की है। उन्होंने कहा कि आचार्यश्री का पूरा जीवन सादगी और परोपकार को समर्पित है।*

## ड्राइवर को आई झपकी जीटी रोड पर ट्रक पलटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तरावड़ी



अम्बाला से करनाल की ओर जा रहे तरावड़ी जीटी रोड एक ट्रक बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। ट्रक के पलटते ही उसके पिछले दोनों टायर ट्रक से अलग हो गए। गनीमत रही कि कोई अन्य वाहन इस हादसे की चपेट में नहीं आया। हादसे के बाद कुछ मिनट तक हाईवे पर ट्रैफिक थम गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पहुंचकर ड्राइवर को बाहर निकाला, जिसे किसी प्रकार की चोट नहीं आई थी। ड्राइवर पुलिस के पहुंचने से पहले ही वहां से चला गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के समय हाईवे पर काफी ट्रैफिक था, लेकिन गनीमत रही कि ट्रक की चपेट में कोई दूसरा वाहन नहीं आया। मौके पर मौजूद राहगीर विक्रम, सेवा सिंह, राकेश और अंकुर ने बताया कि ट्रक अचानक डगमगाया और पलट गया। लोग तुरंत ड्राइवर की मदद के लिए दौड़े। हादसे के कारण हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। पुलिस को मौके पर ड्राइवर नही मिला। हादसे की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने हाइड्रा क्रेन की सहायता से ट्रक को हटवाया।

# पर्यटन हब बन रहा हमरा सिटी, पाइप लाइन में करोड़ों के प्रोजेक्ट

*नगर निगम की मेयर ने शहर की गुलाब नगर कॉलोनी में 26.69 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी की मेयर सुमन बहमनी ने सोमवार को नगर निगम के वार्ड नंबर एक की गुलाब नगर कॉलोनी में 26.69 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल, पार्षद रीना रस्तोगी व पूर्व पार्षद संजय राणा की उपस्थिति में शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों में पक्की सड़कों का नव निर्माण का कार्य व अंडरग्राउंड पाइप डालने का कार्य किया जाएगा।

मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों व संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखकर जल्द से जल्द सड़कों व पाइप डालने के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इन विकास कार्यों के होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार जनहित को ध्यान में रखकर विकास कार्य कर रही है। देश व प्रदेश में सड़कों के जाल बिछाए जा रहे हैं।

हर शहर की हर कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं देने का कार्य किया जा रहा है। हर नियमित कॉलोनी में पक्की गलियों व सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। ताकि हर नागरिक की राह आसान हो। पानी निकासी के प्रबंध के लिए अंडरग्राउंड नालियों व स्ट्रॉर्म वाटर ड्रेन, इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन बनाने का कार्य किए जा रहे है। हमारे नगर निगम क्षेत्र के हर वार्ड में करोड़ों रुपये के विकास कार्य किए गए है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में बिना किसी भेदभाव के करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

## हर व्यक्ति की राह आसान बनाने का कार्य कर रही ट्रिपल इंजन सरकारः बहमनी


यमुनानगर। गुलाब नगर कॉलोनी में विकास कार्यों का शिलान्यास करते मेयर सुमन बहमनी व पूर्व मंत्री कंवरपाल। फोटो: हरिभूमि।

### कुछ के बन रहे एस्टीमेट, कुछ टेंडर प्रक्रिया में : मेयर

कई वार्डों में नए विकास कार्य कराने के एस्टीमेट तैयार किए जा रहे हैं तो कुछ में एस्टीमेट तैयार कर टेंडर लगाए गए हैं। करोड़ों के विकास कार्यों के टेंडर लगे हुए हैं। करोड़ों के प्रोजेक्ट समेत कई वार्डों में गलियों, नालियों व अन्य विकास कार्य निर्माणाधीन है। जल्द ही नगर निगम में रिवर फ्रंट, हमीदा हैड के पास नौ एकड़ जमीन में पार्क बनेगा। शहर में पार्कों को सुंदर बनाया जा रहा है। हमारा शहर पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि उनके क्षेत्र में जहां भी विकास कार्य हो रहा है। वे भी उनके निर्माण में सहयोग करें। यदि कहीं भी गुणवत्ता से समझौता हो रहा है तो इसकी जानकारी उन्हें दें। गुणवत्ता से समझौता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र में एक युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया है। पुलिस ने युवती की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रतापनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि 24 मई की रात को वह अपनी लड़की के साथ खाना खाकर सो गई थी। सुबह चार बजे जब वह जागी तो उसे लड़की घर से गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर उसे मालूम हुआ कि उसकी लड़की को उनके गांव का ही युवक शोकिन शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### आज कांजनू में जनता दरबार व रात्रि ठहराव

**यमुनानगर।** जिले में आयोजित किए जा रहे रात्रि ठहराव व जनता दरबार का आयोजन 27 मई को गांव कांजनू में किया जाएगा। जिसमें आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर समाधान किया जाएगा। डीसी पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिले के गांवों में जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 27 मई को रादौर खंड के गांव कांजनू में राजकीय माध्यमिक विद्यालय में जनता दरबार का आयोजन मंगलवार को सुबह दस बजे किया जाएगा। वहीं, शाम चार बजे रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आमजन की सुनवाई की जाएगी।



## अध्यापक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक राउवि गोविंद पुरी में आयोजित

# मांगों को लेकर 5 जून को निदेशालय पर हरियाणा अध्यापक संघ का प्रदर्शन

- नीतियों से झलक रहा प्रदेश सरकार को दोहरा चरित्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ यमुनानगर की जिला कार्यकारिणी की बैठक राजकीय उच्च विद्यालय गोविंदपुरी में हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान संजय कांबोज ने की। संचालन जिला सचिव दिनेश तंवर ने किया। बैठक में अध्यापकों की मांगों को लेकर संघ द्वारा पांच जून को शिक्षा विभाग तालमेल कमेटी के बैनर तले निदेशालय पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

राज्य उप महासचिव कृष्ण नैन व राज्य उप प्रधान राकेश धनखड़ ने कहा कि सरकार एक तरफ तो जॉब सिक्योरिटी के दावे ककर रही है, वहीं, दूसरी तरफ नौकरी से हटाया जा रहा है। जिन कर्मचारियों को नौकरी करते हुए कई-कई साल हो गए, उनके परिवारों की रोटी छीनने का कार्य सरकार कर रही है। यह अन्याय व अमानवीय है। सरकार को युवाओं का कच्चा रोजगार भी सहन नहीं है। जन सेवाओं को सुचारु ढंग से चलाने के लिए विभागों में खाली पड़े पदों पर तुरंत भर्तियां करने की आवश्यकता है। परंतु इस प्रकार से कर्मचारियों को नौकरी से हटाने पर विभागों के हालात और भी खराब हो जाएंगे। सरकार युवाओ को नौकरी देना नहीं चाहती। जिसके चलते नौकरी नहीं निकाली जा रही। शिक्षा मंत्री व विभाग सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने की बात कर रहे हैं। साथ ही चिराग जैसी योजनाएं भी लेकर आ रहे हैं। जिसके द्वारा सरकारी स्कूल का बच्चा यदि निजी विद्यालय में प्रवेश लेता है तो इस योजना के तहत सरकार उसकी फीस वहन करेगी। वहीं, दूसरी और मॉडल संस्कृति स्कूलों में बच्चों से फीस ली जा रही है जो सरकार के दोहरे चरित्र को ब्यां कर रही है। निदेशालय व जिला स्तर पर अध्यापकों के एसीपी व्यर्थ की आपत्तियां लगाकर रोके जा रहे हैं। मेडिकल बिलों का भुगतान भी समय पर नहीं किया जा रहा है। आश्रितों की आय सीमा में भी बदलाव नहीं किया गया है। पदोन्नति पिछले ब्लॉक वर्ष के एलटीसी के मामले भी पेंडिंग हैं। वेतन का बजट भी समय पर जारी नहीं हो पाता। एच के आर एन में लगे अध्यापकों का कई महीने का वेतन पेंडिंग है। इस सब मांगो को लेकर अध्यापक संघ ने पांच जून को शिक्षा विभाग तालमेल कमेटी के बैनर तले निदेशालय पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर मंजीत कौर, प्रीतम बालियान, वीरेंद्र, अमरीक सिंह, वीरेंद्र सिंह, सोहन, राकेश कुमार, कपिल व मनीष इत्यादि मौजूद रहे।


यमुनानगर। राजकीय स्कूल गोविंदपुरा में मौजूद संघ के सदस्य।


यमुनानगर। अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय अधिवेशन में अपने विचार रखते वक्ता

### भूपेश नारनौल बने अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष

**यमुनानगर।** अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा का यमुनानगर के कैंप चौक के नजदीक स्थित शिव धर्मशाला में द्वितीय प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में नई प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन कर भूपेश पालीवाल नारनौल को संघ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला और प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश बालू ने चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में शिरकत की।

चुनाव पर्यवेक्षक हवा सिंह मैहला ने बताया कि संघ के द्वितीय प्रांतीय अधिवेशन में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें भूपेश पालीवाल नारनौल को प्रदेशाध्यक्ष, नरेश कुमार कैथल व दिनेश कुरुक्षेत्र को उपाध्यक्ष, मनीष कुमार हिसार को महासचिव, अनीता बराला फतेहाबाद व कमल शर्मा यमुनानगर को प्रदेश सचिव बनाया गया है। संदीप हिसार को कोषाध्यक्ष व हरजीत फतेहाबाद को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। हवा सिंह मैहला को संगठन मंत्री, प्रदीस सिरसा को प्रचार मंत्री बनाया गया है। वहीं, रविंद्र हिसार, मंगत जींद व प्रदीप रोहतक को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। इससे पहले अनीता बराला ने अपनी महामंत्री के रुप में कार्यकाल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने संगठन के निर्माण से लेकर अब तक के सफर और उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा कर्मचारियों के समक्ष रखा। इसके बाद कोषाध्यक्ष संदीप ने आय व्यय का हिसाब कर्मचारियों के बीच रखा।

प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार ने संगठन की अब तक की यात्रा के बारे में बताया और मौजूदा प्रदेश कार्यकारिणी के भंग होने की घोषणा की। जिसके बाद नई कार्यकारिणी गठित की। मौके पर आर्य कुलदीप, राज ठाकुर, आशीष धीमान, संजीव कुमार , सुमित ऋषि, सुनीता फतेहाबाद, दलेल रोहतक, मनीष जींद, हरप्रीत कुरुक्षेत्र, खालिद पलवल और अशोक नारनौल मौजूद रहे।


यमुनानगर जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी व अन्य अधिकारी। फोटो: हरिभूमि।

## समाधान शिविर की शिकायतों का प्राथमिकता से करें निपटान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सोमवार को लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका संबंधित अधिकारियों को यथा शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

डीसी पार्थ गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में 21 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें कुंजल जाट्टान निवासी ऋषिपाल ने जमीन की कार्यवाही न करने पर समस्या रखी। जागधौली के जरनैल सिंह, कंडरौली के सोनिया, ताहरपुर कलां निवासी रामपाल, जम्मू कॉलोनी के रजत, सारन निवासी राज कुमार, हमीदा गढ़ी के सुमेर चंद, सरस्वती कॉलोनी जगाधरी की प्रेयंका रानी व यमुनानगर की मोनिका कश्यप ने परिवार पहचान पत्र में त्रुटि ठीक करवाने बारे समस्या रखी। बागपत के इकराम ने पंचायती भूमि से नाजायज कब्जा हटवाने बारे, मानीपुर के ईरशाद ने पंचायती जगह से गेट गिरवाने बारे समस्या रखी। यमुनानगर की सोनिया ने विधवा पेंशन लगवाने की मांग रखी। भीमनगर की निर्मला देवी, रादौर की राजेन्द्र कुमार, फतेहपुर के श्रवण कुमार व लक्ष्मी देवी ने बुढ़ापा पेंशन लगवाने की मांग रखी। बांसेवाला के तीर्थ राम ने जमीनी गिरदावरी न होने की समस्या रखी। आजाद नगर के अविनाश त्रिपाठी ने सिवरेज बंद होने व गली ठीक करवाने की समस्या रखी।

### करियाना की दुकान में चोरी, सीसीटीवी में कैद

**रादौर।** रादौर के बुबका रोड पर स्थित एक करियाने की दुकान में सेंध लगाकर चोरों ने नगदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। दुकानदार दीपक उपनेजा ने बताया कि उसने बुबका मार्ग पर उपनेजा करियाना स्टोर के नाम से दुकान की हुई है। देर शाम वह रोज की तरह दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह के वक्त वह दुकान पर पहुंचा तो ऊपर की खिड़की टूटी हुई थी। उसने दुकान के भीतर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर 12 हजार की नगदी हजारों रुपये का घी, शैंपू की बोतलें, खाने पीने का सामान, काजू, बादाम, साबुन व अन्य सामान गायब मिला। सीसीटीवी की फुटेज में अज्ञात दो नकाबपोश व्यक्ति दुकान में चोरी करते दिख रहे हैं।





### रावमावि बापा तीन दिवसीय योग शिविर के समापन पर विद्यार्थियों ने की योग क्रियाएं

**रादौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर चल रहे तीन दिवसीय योगाभ्यास शिविर सोमवार को समापन हो गया। समापन पर कक्षा छठी से बारहवीं तक के बच्चों ने प्राणायाम समेत विभिन्न यौगिक क्रियाएं की। प्राचार्य सुभाष चंद ने बताया कि तीन दिवसीय योग अभ्यास शिविर के समापन पर योग प्रशिक्षक एवं शारीरिक शिक्षा के अध्यापक हरीश कांबोज ने योगासन और प्राणायाम कराया। जिसमें ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, बैठकर करने वाले दंडासन, वज्रासन, वक्रासन, पेट के बल लेटकर किए जाने वाले मकरासन, भुजंगासन, पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले अर्धहलासन, श्वसन शामिल रहे। अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी व ध्यान का भी अभ्यास कराते हुए संकल्प व शांति पाठ कराया। इस मौके पर राकेश पांचाल, योगेश शर्मा, सुरेश वर्मा, रजनी देवी, प्रवीण कुमार व रीना रानी आदि मौजूद रहे।

### मारपीट के दो मामलों में 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

यमुनानगर। जिले में अलग अलग दो स्थानों पर हुई मारपीट में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव रादौरी निवासी अशोक कुमार ने रादौर पुलिस को बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही राकेश कुमार के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। 22 मई को रात साढ़े आठ बजे वह गांव में ही किसी काम से जा रहा था। रास्ते में उसकी राकेश कुमार के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी के बाद आरोपी ने अपने परिवार के सदस्यों दीपक, जसमेर, संदीप, सुनील, राजेश, राजकुमार व शिव कुमार के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। गांव सवाबड़ी निवासी शमशाद ने बिलासपुर पुलिस को बताया कि वह 24 मई को शाम सात बजे अपने भाई रजाक व वीराज के साथ किसी काम से गया था। गांव भगवानपुर के पास पहुंचे तो संदीप, संजीत व मतलूब के साथ कहासुनी हो गई थी। आरोपियों ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर उन पर गंडासी व लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

## शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने वाटर पार्क में जल क्रीड़ाओं का लिया आनंद



- लाइक पब्लिक स्कूल के बच्चों को करवाया मसाना गांव स्थित वाटर पार्क का भ्रमण।

**रादौर।** लाइक पब्लिक स्कूल द्वारा विद्यार्थियों को गांव मसाना स्थित वाटर पार्क का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने वाटर पार्क में जल क्रिड़ाएं कर खूब आनंद लिया। स्कूल के सैंकड़ो बच्चों को गांव मसाना स्थित क्वेंचर वाटर पार्क का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस दौरान बच्चों ने वाटर पार्क में विभिन्न जल क्रिड़ाएं की और खेलों का भरपूर आनंद उठाया। विद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल मनोरंजन का माध्यम बना। बल्कि उनके आपसी सहयोग, अनुशासन व सामूहिक व्यवहार को भी प्रोत्साहित किया। भ्रमण के दौरान विद्यालय के शिक्षकगण, सहायक स्टॉफ व चिकित्सा सुविधा भी साथ रही। ताकि भ्रमण के दौरान बच्चों की पूरी तरह सुरक्षा रहे। विद्यार्थियों ने इस दिन को बेहद उत्साह व खुशी के साथ मनाया। विद्यालय प्रबंधक ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार की शैक्षिक व मनोरंजनात्मक यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

### संगठन में बदलाव से प्रदेश में बसपा का होगा संगठन मजबूतः डॉ. निर्मल

**यमुनानगर।** बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक सोमवार को कैंप में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने की। बैठक में बसपा सुप्रिमो एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती द्वारा विशाल गुज्जर को प्रदेश का प्रभारी बनाने पर आभार जताया। पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि विशाल गुज्जर पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं। उनके राज्य प्रभारी बनाए जाने से प्रदेश में बसपा का संगठन मजबूत होगा। विशाल गुज्जर को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने का निर्णय बहुजन समाज पार्टी की दूरदर्शी और सामाजिक न्याय को समर्पित बहन कुमारी मायावती व मुख्य समन्वयक आकाश आनंद की दूरदृष्टि और संगठनात्मक समझ को दर्शाता है। पार्टी नेता रणधीर बेनीवाल का सभी कार्यकर्ता विशेष रूप से वह आभार प्रकट करते हैं। जिनके सहयोग और योगदान से यह निर्णय साकार हुआ। पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि नवनियुक्त राज्य प्रभारी विशाल गुज्जर की संगठन के प्रति निष्ठा, जनहित में सक्रियता और सामाजिक सरोकारों में प्रतिबद्धता सदैव प्रेरणादायक रही है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि विशाल गुज्जर पार्टी में मिली इस अहम जिम्मेदारी का निर्वाहन पूरी निष्ठा, परिश्रम व बहुजन आंदोलन की मूल भावना के साथ निभाएंगे।


डॉ. निर्मल सिंह।

## शिक्षा के साथ बच्चों का संरक्षण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास के तत्वावधान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय गोबिंदपुरा यमुनानगर में सोमवार को मिशन वात्सल्य के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को मिशन वात्सल्य के तहत बाल संरक्षण, किशोर न्याय, पोक्सो अधिनियम, बाल अधिकार, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 व पुलिस हेल्पलाइन 112 से संबंधित जानकारियां दी गई।

काउंसलर मनीष कुमार ने कहा कि बच्चों को सिर्फ स्कूली किताबी ज्ञान ही नहीं होना चाहिए। बल्कि उन्हें बाल संरक्षण की भी जानकारी होनी चाहिए। बच्चे आसानी से किसी अनजान पर विश्वास कर लेते हैं और अपराध का शिकार हो जाते हैं। बच्चों को केवल अनुशासन ही नहीं सतर्कता भी सिखाना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सचेत किया कि वह अनजान व्यक्ति से सावधान रहें और किसी प्रकार के लालच में ना आएं। काउंसलर मनीष कुमार ने बताया कि इस बारे में बच्चों को निरंतर जागरूक करना चाहिए। मिशन वात्सल्य के तहत बच्चों की जागरूकता के लिए निरंतर प्रयास जारी है। किशोर न्याय और पोक्सो अधिनियम में सख्त सजा का प्रावधान है। शिविर में बाल विवाह के बारे में जानकारी दी।



### आपातकालीन स्थिति में हेल्पलाइन करेगा सहायता

काउंसलर मनीष कुमार ने चाइल्ड हेल्प लाइन की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और पुलिस हेल्पलाइन 112 किस प्रकार से बच्चों की सहायता करता है। इस हेल्पलाइन के बारे में सभी बच्चों को जानकारी होनी चाहिए। आपातकालीन स्थिति में इन हेल्पलाइन की सहायता ली जा सकती है। परंतु इसका दुरुपयोग ना करें। जागरूकता शिविरों का उद्देश्य है जागरूकता की श्रृंखला बनाना। मौके पर स्कूल प्रभारी राजीव व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा किया गया आयोजित

# रक्तदान शिविर में 177 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन दिल्ली के तत्वावधान में संत निरंकारी भवन रादौर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ संत निरंकारी मिशन के जोनल प्रभारी महात्मा सुरेंद्र पाल सिंह व क्षेत्रीय संचालक महात्मा विक्रम गांधी व भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने भाग लिया।

महात्मा सुरेंद्र पाल ने बताया कि रक्तदान शिविर में रैडक्रास की टीम ने अपनी सेवाएं दी। चिकित्सकों व रैडक्रास की टीम ने 177 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। शिविर में नमन, प्रिंस व पंकज ने प्रथम बार रक्तदान किया। वहीं, रजत सलूजा ने 51वीं बार, डॉ.शुभम सलूजा ने 40 वीं बार, कर्मबीर माधुबांस ने 24वीं बार व रवि कांबोज पलाका ने 16 वीं बार रक्तदान किया। इस दौरान विशेष सत्संग का आयोजन भी किया गया। जिसमें यमुनानगर, लाड़वा, रादौर, अलाहर, गुमथला, जठलाना, मंडोली एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मोहित झांब बिलासपुर की अध्यक्षता में निरंकारी प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर की यह श्रृंखला संत निरंकारी मिशन द्वारा 24 अप्रैल 1980 को युगप्रवर्तक बाबा गुरुबचन सिंह के बलिदान के उपरांत आरम्भ की गई। बाबा हरदेव सिंह महाराज ने कहा था कि मानव रक्त नालियों में न बहाकर इंसान की नाड़ियों में बहना चाहिए। तब से निरंकारी मिशन के अनुयायी बढ़ चढ़ कर रक्तदान को अमली रूप देते आ रहें हैं। विश्व भर के अनेक देशों में प्रति वर्ष समय समय पर ऐसे आयोजन होते आ रहें है। अतिरिक्त लोक कल्याण के अनेकों सामाजिक कार्यों व प्राकृतिक आपदा में अपनी हिस्सेदारी निभाता है।





### भगवानगढ़ मे एकत्रित किया 50 यूनिट रक्त

ग्रामीणों द्वारा गांव भगवानगढ़ में आयोजित किए गए रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। अमन सिंह राणा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान महादान इससे कई बीमारियों का खात्मा हो सकता है। इसलिए समय समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद की सहायता आसानी से की जा सकती है। इस अवसर पर विनोद राणा, शेखर राणा व प्रमोद राणा मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### राजकीय विद्यालय में एसएमसी का पुनर्गठन

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी खेड़ा में सोमवार को एसएमसी का पुनर्गठन किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रधान संतोष देवी ने प्रधान पद से अपना दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर अपना त्याग पत्र विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. बलजीत कौर को सौंपा। इसके पश्चात 16 सदस्यों के लिए दोबारा से एसएमसी का पुनर्गठन किया गया। इस पुनर्गठन में सर्वसम्मति से गुरमीत सिंह सैनी को एसएमसी का प्रधान और संतोष देवी को उपप्रधान बनाया गया।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला 28 मई को

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य एवं सहायक शिक्षुता सलाहकार जगमोहन ने कहा कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सेक्टर-30 में 28 मई को जिला स्तरीय एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस रोजगार मेले का उद्देश्य प्रदेश के सभी जरूरतमंद युवाओं को रोजगार प्रदान करना है।

### जिला विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा जिला विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन सदाचार स्थल गुलजारीलाल स्मारक कुरुक्षेत्र में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य वक्ता प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलपति कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने बताया कि आदर्श स्वावलंबन केंद्र किस प्रकार का होना चाहिए नौकरी से लेकर स्टार्टअप प्रारंभ करने तक के सभी जानकारी इस केंद्र पर रहनी चाहिए। इस केंद्र को हम स्वरोजगार के लिए सिंगल विंडो सॉल्यूशन के रूप में विकसित करें। उन्होंने 2047 तक रोजगार युक्त, गरीबी मुक्त और समृद्धि युक्त भारत बनाने मंत्र दिया।

### कविता के माध्यम से वीर जवानों को किया याद



**कुरुक्षेत्र।** अदबी संगम कुरुक्षेत्र द्वारा गुलजारीलाल नंदा स्मारक सदाचार स्थल में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। डॉ दिनेश दधीचि, डॉ सीडीएस कौशल, डॉ राकेश भास्कर ने दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ दिनेश दधीचि अंग्रेजी भाषा के भाषाविद् रिटायर्ड प्रोफेसर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने की एवं संचालन गायत्री कौशल आर्य ने किया। इस अवसर पर अदबी संगम के प्रधान डॉ सुभाष गर्ग पार्थ ने सबको संबोधन किया व स्वागत किया तथा कवियों को प्रोत्साहन करते हुए नये रचनाकारों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता प्रकट की।

## सीएम सैनी ने भाजपा जिला कोर कमेटी के सदस्यों के साथ की समीक्षा

# योजनाओं का लाभ समाज तक पहुंचाने के लिए तत्पर रहें भाजपा कार्यकर्ता : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिला कोर कमेटी सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक को लेकर बातचीत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इन योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए भाजपा के प्रत्यके नेता और कार्यकर्ता को फील्ड में जाकर कार्य करना होगा। इतना ही नहीं इन योजनाओं के बारे में आम व्यक्ति से फीडबैक भी लेनी होगी। अहम पहलु यह है कि भाजपा के नेताओं और कार्यकतार्ओं के साथ आपेरशन सिंदूर तिरंगा यात्रा के साथ-साथ अन्य कार्यक्रमों को लेकर समीक्षा की गई और भावी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आगामी रणनीति पर चर्चा भी की गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को सेक्टर 8 भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में भाजपा जिला कोर कमेटी सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक को लेकर बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला भाजपा कोर कमेटी के सदस्यों भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष आत्मप्रकाश मनचंदा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, करनाल से विधायक जगमोहन आनंद, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, प्रदेश सचिव राहुल राणा, भाजपा के वरिष्ठद नेता जयभगवान शर्मा डीडी, सुभाष कलसाना, जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर, कैथल से पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड से भाजपा और सरकार की तरफ से आयोजित किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर योजना तैयार की ताकि कार्यक्रमों को ऐतिहासिक यादगार तरीके से सफल बनाया जा सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदेशानुसार हरियाणा प्रदेश में आपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्राएं निकाली गई। इन तिरंगा यात्राओं के माध्यम से आपरेशन सिंदूर को सफल बनाने के लिए तीनों सेनाओं के सैनिकों को सलाम किया गया और 22 अप्रैल को पहलगाम में आंतकवादियों की गोलियों का शिकार हुए 26 बलिदानियों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

### तिरंगा यात्राओं को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं का अहम योगदान

तिरंगा यात्राओं को सफल बनाने के लिए भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी भाजपा की तरफ से सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में कार्यकतार्ओं ने दिन रात मेहनत की है। इस प्रदेश में भविष्य में भी निरंतर भाजपा की तरफ से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ताकि भाजपा की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जाए। इन कार्यक्रमों को भी सफल बनाने के लिए सभी को पूर्व की भांति पूरी मेहनत से कार्य करना होगा। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स, विक्रम शर्मा, गुलशन सैनी क्लाल्माजरा, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, रविन्द्र सांगवान, डा. ऋषिपाल मथाना, राममेहर शास्त्री, राहुल शर्मा, संजीव सिकरी, सतपाल मास्टर आदि उपस्थित थे।

## काबिल बनो, कामयाबी खुद चलकर आएगी : मेजर जनरल



- गुरुकुल में सेना मेडल से सम्मानित मेजर जनरल यश मोर ने छात्रों को किया मोटिवेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र में एक प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी और प्रसिद्ध मोटिवेशनल वक्ता मेजर जनरल यश मोर ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम को लेकर छात्रों और शिक्षकों में विशेष उत्साह नजर आया और सभी ने पूरे मनोयोग से मेजर जनरल की एक-एक बात को सुना। मेजर जनरल यश मोर का गर्मजोशी से स्वागत निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीन कुमार ने किया। अपने स्वागत भाषण में ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीन कुमार ने मेजर जनरल मोर की विशिष्ट उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए उनके सैन्य सेवा में योगदान और युवाओं को मार्गदर्शन देने के लिए किए जा रहे प्रेरणादायक प्रयासों की सराहना की। अपने जोशीले संबोधन में मेजर जनरल मोर ने ज्ञान और शक्ति के संतुलन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को ह्वविद्वान योद्धाह्व बनने के लिए प्रेरित किया कृ ऐसे व्यक्ति जो मानसिक रूप से भी तेज हों और शारीरिक रूप से भी सक्षम हों। उन्होंने कहा, सेना ने मुझे सब कुछ दिया- मूल्य, शक्ति और उद्देश्य। उनकी यह बात कई छात्रों को सेवा और अनुशासन के जीवन की ओर आकर्षित कर गई। इसके बाद उन्होंने छात्रों और शिक्षकों के साथ एक संवादात्मक सत्र में भाग लिया, जहाँ उन्होंने प्रश्नों के उत्तर बड़े आत्मीय और गहन विचारों के साथ दिए। सायंकालीन सत्र में गुरुकुल के साथ-साथ गुरुकुल नीलोखेड़ी, गुरुकुल ज्योतिसर, आर्यकुलम् नीलोखेड़ी के प्रिंसिपल एवं सभी अध्यापकों के साथ मेजर जनरल मेजर और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मनीषा मोर का विशेष परिचय हुआ।

*राज्य स्तरीय वृत्तचित्र निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन*

## केंद्रीय विश्वविद्यायल महेन्द्रगढ़ के छात्र बसिल बीजू ने जीता प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान तथा युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से उत्तरी भारत के मीडिया संस्थानों के लिए राज्य स्तरीय वृत्तचित्र निर्माण (डाक्यूमेंट्री मेकिंग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थानों से विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो.महासिंह पूनिया ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा और नवीन विचारों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना था।

### सामाजिक मुद्दों के प्रति किया प्रोत्साहित

*इस प्रतियोगिता ने छात्रों को समाज को प्रभावित करने वाले सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय मुद्दों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। तथा छात्रों के बीच आलोचनात्मक सोच, अनुसंधान और कहानी कहने के कौशल को विकसित करने में मदद मिली। राज्य स्तरीय वृत्तचित्र निर्माण प्रतियोगिता में निणार्यक मंडल की भूमिका डॉ. साहिब राम गोदारा, ज्वाइंट डायरेक्टर (प्रेस) आईपीआरएल, हरियाणा, डॉ. पवन कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, फाइन आर्ट, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हरियाणा के ज्वाइंट डायरेक्टर, नीरज ने निभाई। डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा के केन्द्रीय विश्वविद्यालय महेन्द्रगढ़ के एमए जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन के छात्र बसिल बीजू ने प्रथम पुरस्कार, जेसी बोस यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद के छात्र हेमंत शर्मा ने दूसरा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के एमएस मास कम्यूनिकेशन की छात्रा वैश्नवी ने तीसरा, आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत की बीए मास कम्यूनिकेशन की छात्र एश्वर्या मौर्य ने चौथा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही आर्य पीजी कॉलेज पानीपत के छात्र नीतिश, गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार की छात्रा सूर्यांशी तथा केन्द्रीय विश्वविद्यालय महेन्द्रगढ़ की छात्रा हिबा पीके ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि प्रथम पुरस्कार विजेता छात्र को 11 हजार रुपये, दूसरे पुरस्कार के लिए 5100 रुपए, तीसरे के लिए 3100 रुपये, चौथे विजेता को 2100 रुपये दिए जाएंगे।*

### पिपली हाइवे और शेखचिल्ली मकबरे पर चलाया सफाई अभियान

**थानेसर।** जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार द्वारा नगर परिषद थानेसर के वार्ड 13 के पास स्थित पिपली पुल के पास तथा शेखचिल्ली के मकबरे के पास सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि यह सफाई अभियान नगर परिषद थानेसर की टीम और नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के कर्मचारी के संयुक्त प्रयास से चलाया गया। उन्होंने कहा कि इस सफाई अभियान में पुल के नीचे का हिस्सा, करनाल जाने वाली रोड की सफाई, लाड़वा रोड की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग की सफाई तथा साथ ही साथ अंबाला की ओर जाने वाले सडक की सफाई कार्य किया तथा शेखचिल्ली मकबरे के पास के एरिया की सफाई नगर परिषद की टीम ने किया।

## गुरूकृपा से प्राप्त सफलता चिरस्थाई एवं आनन्ददायक होती है : स्वामी विश्वानंद

- नई अनाज मंडी कुरुक्षेत्र में संकल्प नाम से विशाल आध्यात्मिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र



दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा नई अनाज मंडी कुरुक्षेत्र में संकल्प नाम से विशाल आध्यात्मिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी विश्वानंद ने प्रेरणादायी विचारों के द्वारा भक्त जनों को कृतार्थ किया। उन्होंने जीवन में गुरु कृपा का महत्व समझाते हुए कहा कि जब परमपिता परमात्मा साकार स्वरूप में धरती पर आता है तो वह अपनी कृपा से संपूर्ण मानव जाति को सींचता है लेकिन यदि मानव ही अपने संकीर्ण दृष्टिकोण के दायरे से बाहर निकलकर उसकी कृपा का अनुभव ही ना करना चाहे तो स्वयं परमात्मा भी उसका उद्धार नहीं कर सकता। स्वामी विश्वानंद ने समझाते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में बहुत से पड़ाव ऐसे आते हैं जब वह स्वयं को अकेला निःसहाय और बेबस खड़ा पाता है क्योंकि गुरूकृपा का आधार लिए बिना पुरुषार्थ का परिणाम क्षणिक सुख दायक तो हो सकता है लेकिन स्थाई नहीं हो सकता। गुरूकृपा के द्वारा प्राप्त सफलता चिरस्थाई एवं आनन्ददायक होती है।



**कुरुक्षेत्र।** मीटिंग में जाट सभा कार्यकारिणी के सदस्य भाग लेते हुए।

### जाट सभा कुरुक्षेत्र का शिष्टमंडल आज चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री सैनी से करेगा शिष्टाचार भेंट

**कुरुक्षेत्र।** जाट सभा कुरुक्षेत्र का एक शिष्टमंडल जाट धर्मशाला विकास को लेकर एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करवाने के लिए आज मंगलवार को चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके निवास संत कबीर कुटीर में शिष्टाचार भेंट करेगा। मुख्यमंत्री से भेंट करते समय राज्यसभा सांसद सुभाष बराला शिष्टमंडल के साथ उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री के समक्ष जिन विषयों पर चर्चा की जएगी उन विषयों पर विचार विमर्श करने के लिए सोमवार को जाट सभा की एक विशेष बैठक का आयोजन जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जाट सभा के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द ने की। बैठक में जाट सभा की कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए डॉ कृष्ण श्योकन्द ने कहा कि मुख्यमंत्री के समक्ष जाट धर्मशाला में विकास हेतु व समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुरीतियों को दूर करने के लिए अन्य समाज के गणमान्य सम्मानित जनों का भी सहयोग लिया जाएगा।

## फायर कर्मचारी 12 जून को निदेशालय अग्निशमन पर करेंगे प्रदर्शन : राजिंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

- 29 जून को मंत्री आवास पर किया जाएगा प्रदर्शन

हरियाणा सरकार व महानिदेशक अग्निशमन पंचकूला की वायदाखिलाफी के विरोध में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन राज्य कमेटी के पदाधिकारियों ने दमकल केंद्र पर बैठक कर कई अहम निर्णयों पर योजना बनाई। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान राजिंदर सिनद ने की व संचालन राज्य मुख्य संगठनकर्ता गुलशन भारद्वाज ने किया। बैठक में उपस्थित विभिन्न जिलों से आये राज्य कमेटी के पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे राज्य प्रधान राजिंदर सिनद ने बताया कि प्रदेश में कार्यरत पे-रोल व कौशल निगम के कर्मचारियों के वेतन में पिछले 5 साल से बढ़ोतरी ना होने, पे-रोल फायर मैन,फायर चालक व फायर ऑपरेटर को विभागों में सर्जित फायर आपरेटरों के पदों पर समायोजित करके जॉब सुरक्षा गारंटी देने व अन्य मांगो समस्याओं के समाधान हेतु हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री विपुल गोयल के आदेशों पर 4 अप्रैल 2025 को महानिदेशक अग्निशमन श्री शेखर विद्यार्थी की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। 12 जून को निदेशालय अग्निशमन पंचकूला पर काले झंडों सहित प्रदर्शन करके काला दिवस मनाएंगे अगर फायर कर्मचारियों की मांगों का फिर भी कोई समाधान नही होता तो 29 जून को नपा कर्मचारी संघ हरियाणा के सहयोग से फरीदाबाद में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल के आवास पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।



### सतलुज स्कूल के मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**शाहबाद।** भगवती वेलफेयर सोसाइटी अंबाला द्वारा गीता ज्ञान संस्थान कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में सतलुज स्कूल के दसवीं व12वीं कक्षा के विद्यार्थियों जिन्होंने 75% से ऊपर अंक प्राप्त किया उन्हें राइजिंग स्टार अवार्ड 2025 के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वेलफेयर सोसाइटी के संचालक डॉक्टर आदित्य सिंह वर्मा एडवोकेट ने बताया कि यह समिति कोरोना काल से जरूरतमंद लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करती आ रही है। स्कूल के प्राचार्य डॉ. आर एस घुम्मन को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगीता वर्मा, प्रीति वर्मा, विक्रम चौहान, बी डी गाबा, सागर रत्न, अभिमन्यू गोयल ,अशोक कुमार, डॉक्टर पवन आर्या , सुशील खाड़े, गिरीश, ममता जैन, संजय बठला, साहिल, मनदीप कौर, बलजीत सिंह, प्रिंसिपल, अध्यापक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।



### नवयुग स्कूल के मेरिट प्राप्त करने वाले 50 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** भगवती वैल्फेयर सोसाइटी द्वारा गीता ज्ञान संस्थानम, कुरुक्षेत्र में अयोजित राइजिंग स्टार अवाड्र्स 2025 में नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में मेरिट प्राप्त करने वाले 50 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के को स्पॉन्सर्स जेनेसिस, सर डीपी, पीआर ग्लोबल, एडूनेशन ग्रुप, सीजीसी ग्रुप, एचके कैंपस करनाल, पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनिरिंग एंड टेक्नोलॉजी रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज, गेस्ट ऑफ ऑनर जय भगवान सिंगला, डॉ अशोक वर्मा, बलबीर सिंह, महावीर सिंह, डॉ देवेंद्र अरोड़ा प्रिंसिपल, नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल, बीडी गाबा स्पैशल गेस्ट ने ज्योति प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर एंजल ठाकुर ने महाभारत थीम पर डांस प्रस्तुत कर के सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां जैसे राजस्थानी नृत्य, पंजाबी गिद्दा प्रस्तुत कर के सभी को आनंदित कर दिया। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी शिवम ने महाराज ज्ञानानंद जी का स्कैच बनाकर उन्हें भेंट किया, जिसे देखकर सभी को बड़ी हैरानी हुई तथा सभी ने बच्चे की इस प्रतिभा की बहुत प्रशंसा की। महाराज ज्ञानानंद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने और समाज सेवा का संदेश दिया साथ ही यह संकल्प लेने के लिए कहा कि वे राष्ट्रभक्ति और युवाओं को प्रेरणा देने वाले महापुरुषों का अनुसरण करें।

**निवारण** नगराधीश ने क्रिड से संबंधित 21 और अन्य विभागों से संबंधित 12 समस्याओं को सुना

# समाधान शिविर में गैर हाजिर रहने पर जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को कारण बताओ नोटिस होगा जारी

- लम्बित समस्याओं के समाधान के लिए जल्द कार्रवाई करने के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र




**कुरुक्षेत्र।** समाधान शिविर में समस्याओं का समाधान करते नगराधीश डा. रमन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में बिना बताए गैर हाजिर रहने पर जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। इस समाधान शिविर में जनस्वास्थ्य विभाग का कोई भी अधिकारी लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए मौजूद नहीं था, इसलिए सभी विभागों के अधिकारी समाधान शिविर को गंभीरता से लें और लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए शिविर में मौजूद रहे। नगराधीश डा. रमन गुप्ता सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। इससे पहले नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने समाधान शिविर में क्रिड से सम्बन्धित 21 और अन्य विभागों से सम्बन्धित 12 समस्याओं को सुना और इनमें से 20 समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया और क्रिड से सम्बन्धित 1 समस्या लम्बित है जिस पर जल्द कार्रवाई करने के आदेश दिए गए है। इस समाधान शिविर में पंकज अरोड़ा ने अपनी शिकायत रखी कि जन सूचना अधिकार नियम के तहत एक सूचना पब्लिक हैल्थ विभाग से 30 जनवरी को मांगी थी। यह सूचना विभाग के नियमानुसार मांगी गई थी। इस सूचना के बाद कार्यकारी अभियंता द्वारा जल्द से जल्द सूचना देने के लिए प्रार्थी को राशि बताई जाए, उसी दिन 3 फरवरी को दूसरा पत्र प्रार्थी भेजा गया जिसमें सूचना देने के लिए 85 हजार रुपए की डिमांड की गई। शिकायतकर्ता ने समाधान शिविर में यह पक्ष भी रखा कि प्रार्थी द्वारा 10 हजार रुपए का डिमांड ड्राफ्ट जमा करवा कर यह निवेदन किया गया कि 80 हजार रुपए की राशि किस आधार पर मांगी गई है। इसके बावजूद विभाग के कहने पर 5 मार्च को 70 हजार रुपए की राशि जमा करवाई और आज तक भी सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई। इसके अलावा उन्होंने नरकतारी रोड पर दीदार नगर में अनुमति के बिना स्कूल के मेन गेट के सामने सडक खोदकर गढ्ढा बना दिया और पानी का कनैक्शन काट दिया गया। इस विषय पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब नगराधीश ने इन समस्याओं का समाधान करने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के बारे में पूछा तो समाधान शिविर में कोई भी अधिकारी उपस्थित नहीं था। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए नगराधीश ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। उन्होंने कहा कि भविष्य में कोई भी अधिकारी बिना बताएं गैर हाजिर रहा तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण बचाने के लिए छात्रों ने निकाली रैली

**अंबाला।** शहर के डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की एनएसएस इकाई ने स्कूल प्रिंसिपल डॉ. आरआर सूरी के नेतृत्व में लोगों में पर्यावरण बचाने के लिए जागरूकता फैलाने के लिए एक रैली का आयोजन किया। इसमें सुनीता गर्ग, मोनिका कालरा, भारती, नूतन, सुमन, वंदना सोढ़ी, वरुण, रोहित और कर्मवीर शामिल थे। रैली में लगभग 100 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने पर्यावरण जागरूकता पर नारे वाले बैनर तैयार किए। उन्होंने जूनियर कक्षाओं के छात्रों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया क्योंकि पेड़ हमारी जीवन रेखा हैं और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए डीजल और पेट्रोल वाहनों के बजाय साइकिल का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया।



### 'मूल्य आधारित शिक्षा' विषय पर सेमिनार हुआ

**मुलाना।** मेवरिक्स इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई के दिशा-निर्देशानुसार 'मूल्य आधारित शिक्षा' विषय पर एक इन-हाउस शिक्षक प्रशिक्षण सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें श्री विश्वकर्मा सीनियर सैकेंडरी स्कूल और सुखपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर कपिल बत्रा ने बताया कि मूल्य शिक्षा छात्रों में नैतिकता, ईमानदारी, सहानुभूति, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे गुणों के विकास हेतु आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य अब केवल ज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और जिम्मेदार नागरिक बनाना होना चाहिए।

### वंदे भारत व दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन रोकने वालों पर केस

**अंबाला।** वंदे भारत और दुर्ग एक्सप्रेस को रोकने के मामले में यात्रियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अब वीडियो व सीसीटीवी कैमरों के जरिए आरोपियों की पहचान हो रही है। जांच टीम की मानें तो आरोपियों को जल्द ही काबू किया जाए। मामला शुक्रवार का है जब दैनिक यात्रियों ने ट्रेन के देरी से आने पर वंदे भारत और दुर्ग एक्सप्रेस का रास्ता रोका था। इसके बाद अब आरपीएफ की ओर से मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। स्टेशन मास्टर को लिखित शिकायत सौंपने वाले दैनिक यात्रियों का नाम व मोबाइल नंबर भी लिया गया है। बता दें कि अंब अंदौरा के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन नंबर 64563 का विस्तार रायपुर हरियाणा स्टेशन तक हो गया था। ऐसे में अब यह मेमू ट्रेन घंटों की देरी से अंबाला स्टेशन पर पहुंच रही है।

### मंत्री गंगवा ने एसपी को कहा, दोषी पाए जाने पर की जाए ठोस कार्रवाई

# जीएनजी के ट्रस्टियों पर कार्रवाई के लिए डीए से मांगी राय

**जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में जीएनजी ट्रस्टियों के खिलाफ सोसायटी में बड़ा गबन करने का आरोप, डीएसपी कर रहे हैं मामले की जांच, 7 शिकायतों का बैठक में हुआ समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडक़ें) विभाग के मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने सोमवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोगों की शिकायतें सुनी। उन्होंने 11 शिकायतों पर सुनवाई कर 7 का मौके पर ही समाधान कर दिया। 4 शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों को आदेश दिए गए। इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र लाठर, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, भाजपा पदाधिकारी रितेश गोयल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा सहित कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

इससे पहले मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरन्तर तरक्की व विकास की ओर बढ रहा है। पूरे देश का मान विश्व पटल पर बढ़ा है। देश की अर्थ व्यवस्था विश्व में चौथे स्थान पर बढ़ी है जो कि बडे ही हर्ष की बात है। अर्थव्यवस्था को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर गंगवा ने कहा कि कांग्रेस के लोग है केवल और केवल बयानबाजी करते हैं। अच्छे कार्यों की सराहना करने की बजाए वे केवल बयानबाजी करते है। सवाल उठाना उनकी फितरत में शामिल है। ओम वेलफेयर सोसायटी हिसार के प्रधान पुनीत गोयल अपनी शिकायत में कहा कि त्रिलोचन सिंह, कमलजीत कौर व अन्य जोकि गुरू नानक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट मुलाना में ट्रस्टी हैं। उन्होंने अपनी ट्रस्ट की देनदारियों के लिए सोसायटी में हिस्सेदारी की थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इन लोगों ने एमयू करते हुए सोसायटी में करोड़ों रूपए का गबन किया है। जांच अधिकारी डीएसपी सूरज चावला ने मंत्री को अवगत करवाया कि इस मामले में डीए की राय ली गई है। मंत्री ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि इस मामले की जांच करें। मामले में दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।



अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री रणबीर गंगवा।

### इन शिकायतों पर हुई सुनवाई

जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में गांव रतनहेड़ी की रहने वाली निर्मला देवी ने बताया कि उसने एक प्लाट 4 लाख 80 हजार रूपए में खरीदा था। जिस व्यक्ति से प्लाट खरीदा था, उसने प्लाट किसी और को बेच दिया है। उसे न तो प्लाट दिया गया और न ही पेमेंट वापिस दी गई है। इस शिकायत पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने तहसीलदार व कष्ट निवारण समिति के सदस्य को नियुक्त करते हुए कहा कि उक्त मुस्तरका जमीन की जांच की जाए ताकि पता चल सकें कि मौके पर कितनी जमीन खाली है। गांव बकनौर के रहने वाले जसबीर सिंह ने प्रदूषण संबंधी अपनी शिकायत रखते हुए कहा कि उसके घर के पास आबादी में एक आटा चक्की व मिनी सैलर लगा हुआ है। इसके प्रदूषण से उन्हें काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस शिकायत को विभाग द्वारा हल कर दिया गया है।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की मधु खोसला ने दी शिकायत

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की मधु खोसला ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके घर के पास में रहने वाले व्यक्ति ने फैक्टरी लगाई है जिसके चलते उसकी घर की दीवार व पेंट खराब हो गया है। इस मामले में नगर निगम संयुक्त आयुक्त अदिति ने बताया कि इस मामले में उक्त जगह का निरीक्षण किया गया है। वहां पर किसी भी प्रकार की हैवी मशीनरी नहीं है। इसी आधार पर शिकायत पर जांच बंद करने का निर्णय लिया गया। मॉडल टाउन के कैलाश नगर वासी डॉ. योगेश कुमार की शिकायत पर कार्रवाई होने के बाद मंत्री ने जांच बंद करने के आदेश दिए। बलाना के बलविंद्र सिंह व अन्य ने अपनी शिकायत में कहा कि एनएच-152 पर बलाना से हुमांयुपुर कच्चे रास्ते पर कोई पुली या पाइप नहीं दिया गया है। इससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और फसलें खराब हो जाती हैं। इस मामले में एनएचएआई से आए अधिकारी ने बताया कि यहां पर पानी निकासी के लिए अलग से पाईप लगा दिया गया हैं। इस मामले में मंत्री ने कष्ट निवारण समिति का एक सदस्य नियुक्त करते हुए उक्त जगह का विभागीय अधिकारी के साथ जायजा करने के निर्देश दिए। इस शिकायत को अगली बैठक के लिए पेंडिग रखा गया हैं। गांव नाहरा के कृष्ण कुमार ने शिकायत में कहा कि उसने साहा से अंबाला, साहा से शाहबाद व साढ़ौरा से दोसडका तक पेड़ों की कटाई का कार्य किया था। उसे इस कार्य का मेहनताना नहीं दिया गया हैं। इस मामले में वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि जांच की गई है और सरकारी तौर पर उक्त व्यक्ति की कोई देय बाकी नहीं है। इस मामले में मंत्री ने पुलिस अधीक्षक को जांच करने के निर्देश दिए हैं। बराड़ा के असीम चावला की ट्यूबवेल खराब से संबंधित शिकायत को भी ठीक करने के बाद डिस्पोजऑफ कर दिया गया है। इसी प्रकार कांशी नगर के अवतार कृष्ण डोगरा की प्रॉपर्टी आईडी की शिकायत का भी निवारण कर दिया गया है। सैक्टर-बी डिफेंस कॉलोनी के राजीव कुमार की गली में सीवरेज ब्लॉक होने की शिकायत का भी निवारण कर दिया है। गांव भानोखेड़ी के लखबीर सिंह ने कहा कि मेरी जमीन के साथ लगते पड़ोसी ने वहां पर डेयरी फॉर्म बनाया हुआ है। वहां का गंदा पानी उसकी जमीन पर गिरता है जिससे मेरी फसल को नुकसान होता है। खेत जोतने में भी परेशानी होती हैं। इस मामले में यहां पर पक्का नाला बनाया जाना है। मंत्री ने इस शिकायत को सुनते हुए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि इस विषय पर एनओसी एप्लाई करे ताकि औपचारिकताएं पूरी करते हुए कार्रवाई पूरी हो सके। बैठक में पहुंचे अन्य प्रार्थियों की शिकायतों को भी मंत्री ने सुनते हुए विभागीय अधिकारियों को जांच के लिए मार्क किया है। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रहमजीत, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम बराड़ा अमित भारद्वाज, नगराधीश अभिषेक गर्ग, सीईओ जिला परिषद गगनदीप सिंह, आरटीए सुशील कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, जिला महामंत्री कर्मचंद गोल्डी, कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य भी मौजूद रहे।

## बैठक में सर्वश्रेष्ठ पदाधिकारियों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गुदगुदी जंक्शन समूह कार्यकारिणी की बैठक एक निजी होटल में आयोजित हुई। समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अम्बाला शाखा के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा और अगले कार्यक्रमों की प्लानिंग की गई जिसमें सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने सुझाव दिए। समूह द्वारा अब तक करवाए गए सामाजिक,धार्मिक और मनोरंजक कार्यक्रमों में योगदान देने वाले पदाधिकारियों के पैनल में मार्गदर्शक मंडल सदस्य डॉ.संजय गौतम,अंबाला कैंट प्रभारी राकेश आहूजा और अंबाला सिटी प्रभारी रोहित जैन के कार्यों की सराहना की गई। अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ ने बताया कि वीरवार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नारायणगढ़ रोड स्थित गांव खतौली की भगवान श्री परशुराम गौशाला में छायादार व फलदार वृक्षों के पौधे लगाए जाएंगे जिसका दायित्व मंदीप शर्मा को सौंपा गया है। इसी तरह सोमवार 9 जून को अंबाला क्लब में म्यूजिकल कार्यक्रम 'गीत बहार' प्रस्तावित है जिसका दायित्व राकेश आहूजा और सुरेंद्र धीमान को दिया गया है। गौड़ ने कहा कि गुदगुदी समूह के सभी कार्यक्रम जनकल्याणार्थ कराए जाते हैं,जिसमें पब्लिक का मनोरंजन किया जाता है और गायकों को प्रोत्साहन मिलता है। बैठक में कई निर्णय लिए गए जिन्हें सर्वसम्मति से लागू किया जाएगा। बैठक के पश्चात भगवान श्री परशुराम गौशाला का अवलोकन करके गौशाला संचालक देवीराम शर्मा और समूह के मार्गदर्शक राजेंद्र कुमार कौशिक को गतिविधियों से अवगत कराया गया।



अंबाला। मीटिंग के दौरान पदाधिकारी।

## सेना का उत्साह बढ़ाने के लिए निकाली तिरंगा यात्रा

- पूर्व विधायक बोले पीएम मोदी की अगुवाई में सेना ने अपने पराक्रम से पाक को दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

विधानसभा क्षेत्र के मारकंडा मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने किया। तिरंगा यात्रा में काफी संख्या में युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आमजन ने भाग लिया।मोटर साइकिलों पर तिरंगा यात्रा गांव बरसुमाजरा से शुरू हुई थी। यहां सबसे पहले शहीद पवन कुमार सैनी की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर की गई।

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी समेत अनेक गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामीणों ने शहीद को नमन करते हुए और राष्ट्रभक्ति का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. पवन सैनी ने कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। तिरंगा यात्रा हमारे वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से भी राष्ट्र सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। सैनी ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और भारतीय सेना के प्रति सम्मान प्रकट करना था। उन्होंने कहा कि पूरे देश में पिछले कुछ दिनों से तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है जोकि भारतीय सेना के प्रति अटूट विश्वास और हौसला बढ़ाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना बहुत मजबूत एवं ताकतवर बनी है। जिसका ताजा उदाहरण आप्रेशन सिंदूर की सफलता है। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में स्थित आंतकवादियों के ठिकानों को धवस्त कर उसे मुंह तोड़ जवाब देना हमारे देश की सेना की वीरता, साहस और पराक्रम को दर्शाता है। सेना की इसी सफलता के लिए जिला, विधानसभा के बाद अब मण्डल स्तर पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। तिरंगा यात्रा गांव बरसुमाजरा से शुरू होकर गांव रज्जूमाजरा, अंबली, गदौली, कल्याणा, बधौली, भरेड़ी खुर्द, भरेड़ी कलां होते हुए आदि गांवों से गुजर कर गांव कुराली में जाकर संपन्न हुई। जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर मारकंडा मंडल प्रधान धर्मवीर गुर्जर, महामंत्री श्रवण सैनी, मिंटू वालिया तथा गुलाब सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



नारायणगढ़। तिरंगा यात्रा में मोटरसाइकिल पर सवार पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी व अन्य।

## गवर्नमेंट कॉलेज में दाखिले के लिए उमड़ी छात्रों की भीड़



- पहले सप्ताह में ही 1067 रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

स्नातक कोर्स में दाखिले के लिए इस बार भी अंबाला छावनी का गवर्नमेंट पीजी कॉलेज छात्रों की पहली पसंद बना हुआ है। कॉलेज में।चल रहे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन डेस्क पर रोजाना बड़ी संख्या में छात्र पहुंच रहे हैं। रजिस्ट्रेशन शुरू होने के पहले सप्ताह में ही 1067 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। प्रिंसिपल डॉ देसराज बाजवा ने बताया कि गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में विभिन्न स्नातक कोर्सों के लिए 1320 सीट हैं। इसमें बीए,बीकॉम व बीएससी जैसे परंपरागत कोर्सों के अलावा बीएएमसी व बीटीएम जैसे जॉब ओरिएंटेड कोर्स भी शामिल है। उन्होंने बताया कि गवर्नमेंट पीजी कॉलेज को संस्कृति मॉडल कॉलेज का दर्जा मिलने के बाद छात्रों का इस कॉलेज के प्रति रुझान और बढ़ा है।

## छात्रों में जागृत की देशभक्ति की भावना

- यूजीसी के निर्देश पर लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

यूजीसी के निर्देशानुसार लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन, अधोया में "राष्ट्र प्रथम –ए कंपैन इन स्पोर्ट ऑफ नेशन फर्स्ट विषय पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और प्रत्येक कार्य में राष्ट्र को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देना था। कार्यक्रम के विद्यार्थियों ने कविता पाठ के माध्यम से राष्ट्र के प्रति अपने विचार सांझा किएद्ध स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेकर उन्होंने देशप्रेम की भावनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम के अंतिम दिन सोमवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने 'राष्ट्र प्रथम' विषय पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किए। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेनू सहोता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह किसी भी कार्य में राष्ट्र को सर्वोपरि स्थान दे। उन्होंने विद्यार्थियों को देश के लिए समर्पित रहने और राष्ट्र हित में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के सफल संचालन पर संतोष व्यक्त करते हुए देश के लिए शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। पूरे आयोजन में कॉलेज के विद्यार्थी, अध्यापक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही।




बाराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

## नशे के खिलाफ जागरुकता को लेकर छात्रों को दिलवाई गई शपथ



अंबाला। छात्रों को नशे के खिलाफ जागरुक करते एसआई डॉ. अशोक वर्मा।

**अंबाला।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के दौरान राजकीय उच्चविद्यालय दिनारपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 94 वां जागरूकता कार्यक्रम है। कार्यक्रम में 113 विद्यार्थियों, 11 शिक्षकों ने भाग लिया। वर्मा ने बताया कि प्रदेश में नशा का कोई स्थान नहीं है। नशा मुक्त हरियाणा अभियान को साकार करने के लिए प्रतिदिन अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है तो जागरूकता के माध्यम से भी समझाया जा रहा है ताकि कोई व्यक्ति किसी के बहकावे में आकर, धन के लोभ में जाकर, अज्ञानतावश अथवा जानबूझकर नशे के चंगुल में न फंसे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है। कार्यक्रम में शपथ ग्रहण करवाई गई।




## स्टूडेंट ऑफ द ईयर बनी चेष्टा चौधरी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

रणभूमि ताइक्वांडो क्लब द्वारा आयोजित आरटीसी कप ताइक्वांडो टूर्नामेंट का आयोजन सैनी धर्मशाला में किया गया। इस में 80 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और ताइक्वांडो के अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राहुल तंवर, राज्य सचिव, भारतीय जनता पार्टी थे। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, आत्म-विश्वास और राष्ट्रभक्ति की भावना उत्पन्न होती है। विशेष अतिथि के रूप में वरुण सोलंकी, मार्कोस मरीन कमांडो, भारतीय नौसेना उपस्थित रहे जिनकी प्रेरणादायक उपस्थिति ने खिलाड़ियों में उर्जा भर दी। आयोजन के प्रायोजक बलविंदर राणा रहे जिन्होंने टूर्नामेंट को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में प्रतियोगिताये कराई गई जिसके विजेता निम्न रहे।

### हाइवे जाम करने की चेतावनी के बाद अब अधिकारियों ने मार्किंग करने का किया ऐलान

# मारकंडा नदी पर पटरी बनाने के लिए हरकत में आए अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

किसानों द्वारा नेशनल हाइवे जाम करने की चेतावनी के बाद प्रशासनिक अधिकारी हरकत में दिखे। सोमवार को प्रशासन द्वारा किसानों के साथ एक बैठक एसडीएम कार्यालय आयोजित की गई । इसमें एसडीएम अमित भारद्वाज, सिंचाई विभाग एक्सईएन कृष्ण कुमार, एसडीओ शिखा, बीडीपीओ , डीएसपी सुरेश कौशिक मौजूद रहे । बैठक में मौजूद किसानों ने अपनी प्रमुख मांग प्रशासन के सामने रखी । उन्होंने कहा कि हेमामाजरा में मारकंडा नदी पर पटरी बनाने के लिए 2 सालों का समय लग गया। जबकि काफी समय पहले ही अधिकांश औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। किसानों ने बताया कि बांध बनाने के लिए एक्वायर की जाने वाली जमीन पर प्रशासन के साथ सफी वार्ताएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद पटरी बनाने में लेट लतीफी की जा रही है। जबकि बरसाती सीजन बिल्कुल नजदीक है। किसान मनदीप बोपाराय, अशविंद्र सिंह, कमलदीप राणा, रमेश, मान सिंह, शिव कुमार, राजिंद्र कुमार, कर्मजीत ने बताया कि बैठक में निर्णय हुआ कि मंगलवार को हेमामाजरा में पटरी बनने वाली जगह की मार्किंग की जाएगी।इसके बाद उसी जगह पर मिट्टी डालकर मारकंडा नदी के पानी को रोकने के लिए अस्थाई कार्य शुरू किया जाएगा। साथ ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों की आपसी बैठक के बाद प्रपोजल उच्च अधिकारियों को भेजे जाएंगे। किसानों ने मांग रखी कि प्रपोजल किस अधिकारी को भेजा जाएगा। यह भी उन्हें बताया जाए ।



मुलाना। प्रशासनिक अधिकारियों से मीटिंग करने पहुंचे किसान।

### अधिकारियों के खिलाफ होगा प्रदर्शन

किसानों ने बताया कि प्रशासन के साथ हुई बैठक से स्पष्ट हो गया कि विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते ही पटरी बनाने के कार्य में देरी हुई है। अगर सिंचाई विभाग के अधिकारी इस मुद्दे की लापरवाही न करते तो यह पटरी अब तक बन चुकी होती । इसलिए अब अगर कोई अधिकारी पटरी बनाने के कार्य में लापरवाही बरतेगा तो किसान उसके खिलाफ उसके कार्यालय में धरना देंगे। सिंचाई विभाग के एक्सईएन कृष्ण कुमार ने बताया कि किसानों से सोमवार को मीटिंग हुई है। हेमामाजरा में मारकंडा नदी पर बांध बनाने के लिए एक अर्जेंट केस बनाकर भेजा जाएगा। भूमि अधिग्रहण का प्रपोजल पहले ही भेजा जा चुका है। फिलहाल बांध बनाने वाली जगह पर मिट्टी डालकर अस्थायी प्रबंध किया जाएगा ताकि नदी का पानी गांव तक न जाए । मिट्टी के लिए एसडीएम ने पंचायती विभाग को बोल दिया है।